शीत कालीन गृह कार्य

कक्षा -9

विषय -हिन्दी

1 पाठ के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व की विशेषताएं लिखिए |

2 पाठ में टीले शब्द का प्रयोग किन संदर्भों को इंगित करने के लिए किया है ?

3 मेरे बचपन के दिन पाठ के आधार पर बताइए कि वर्तमान में बालिकाओं की कैसी स्थिति है ?

4 अपने बचपन की कोई संस्मरणीय घटना लिखिए |

5 कवि ने गाँव को हरता जन मन क्यों कहा है ?

6 मेघ रूपी महमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए ?

7 मेघ आए पाठ के आधार पर कविता में किन रीति रिवाजों का वर्णन किया गया है ?

8 रीढ़ की हड्डी एकाँकी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए |

9 रीढ़ की हड्डी एकाँकी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए |

10 आपका छोटा भाई हिन्दी विषय मे रुचि नहीं रखता है | अतः उसे हिन्दी पढ़ने के लाभ बताते हुए एक पत्र लिखिए |

शीत कालीन गृह कार्य

कक्षा -11

हिन्दी

1 पटकथा किसे कहते हैं ? पटकथा लेखन में किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

2 डायरी लेखन क्या है ? इसे कैसे लिखा जाता है ?

3 स्ववृत्त लेखन में किन बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है ?

4 स्ववृत्त और आवेदन में क्या अंतर है ?

5 पत्रकारिता किसे कहते हैं ? पत्रकारिता के प्रकार लिखिए |

6 समाचार लेखन में किन किन तत्वों का ध्यान रखा जाता है ?

7 दुष्यन्त कुमार ने गज़ल के माध्यम से किस पर व्यंग्य किया है ?

8 गलता लोहा कहानी के शीर्षक का औचित्य लिखिए |

शीत कालीन गृह कार्य -

कक्षा -7

विषय -हिन्दी

दक्षता आधारित प्रश्न -

पाठ - खान पान की बदलती तस्वीर

	(बहुविकल्पीय प्रश्न)
	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए-
	पिछले दस पन्द्रह वर्षों में हमारी खान पान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है । इडली- डोसा-बड़ा-सांभर-रसम अब केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं है। ये उत्तर भारत के भी हर शहर में उपलब्ध है और अब तो उत्तर भारत की 'ढाबा' संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है । अब आप कहीं भी हों उत्तर भारतीय रोटी दाल साग आपको मिल ही जाएंगे। फास्ट फ़ूड का चलन भी बड़े शहरों में खूब बढ़ा है। इस फास्ट फूड में बर्गर नूडल्स जैसी कई चीजे शामिल हैं। एक ज़माने में कुछ ही लोगों तक सीमित 'चाइनीज नूडल्स' अब संभवतः किसी के लिए अजनवी नहीं रहे।
1	इडली- डोसा-बड़ा-सांभर के विषय में सही विकल्प है -
	(I) यह केवल दक्षिण भारत में उपलब्ध हैं
	(ii) यह केवल उत्तर भारत में उपलब्ध हैं
	(iii) यह सम्पूर्ण भारत में उपलब्ध हैं
	(iv) यह उत्तर से दक्षिण भारत तक उपलब्ध हैं
	(क) केवल (i)
	(ख) केवल (i) एवं (ii)
	(ग) केवल iv)
	(घ) (iii) एवं (iv)

2.	पाव-भाजी किस प्रांत का स्थानीय व्यंजन है?
	(क)राजस्थान का
	(ख) महाराष्ट्र
	(ग) गुजरात
	(घ) मध्य प्रदेश
3.	खानपान की संस्कृति में बड़ा बदलाव कब से आया?
	(क) पाँच-सात वर्षों में
	(ख)आठ-दस वर्षों में
	(ग) दस-पंद्रह वर्षों में
	(घ) पंद्रह-बीस वर्षों में
4.	निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढिए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए - कथन - खान पान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है । कारण - क्योंकि लोगों की रुचि में बदलाब आया है
	(क)कथन तथा कारण दोनों गलत है
	(ख) कथन तथा कारण दोनों सही है
	(ग) कथन सही है तथा कारण गलत है
	(घ) कथन गलत है तथा कारण सही है
5.	निम्नलिखित कौनसा विकल्प पाठ और लेखक की दृष्टि से सही है -
	(क) खानपान की बदलती तसवीर - अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
	(ख) खानपान की बदलती तसवीर - भवानी प्रसाद मिश्र
	(ग) खानपान की बदलती तसवीर - प्रयाग शुक्ल
	(घ) खानपान की बदलती तसवीर - नागार्जुन
	(भाषा की बात पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)
6.	*निम्नलिखित में से कौनसा द्वन्द्व समास का उदाहरण नहीं है -*
	(क) खान-पान
	(ख) भला -बुरा
	(ग) *गंगा-जल*
	(घ) *ऊपर-नीचे*

7.	निम्नलिखित में से कौनसा युग्म गलत है-
	(क) सुख - दुख
	(ख) व्यंजन - पकवान
	(ग) नया - पुराना
	(घ) सीमित - असीमित
8.	*निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग नहीं है -*
	(क)दुर्गति
	(ख) प्रत्येक
	(ग)अभिमान
	(घ) स्थानीय
	(वर्णनात्मक प्रश्न)
9.	फास्ट फूड से आप क्या समझते हैं? लिखिए ।
	उत्तर:- ----------
10.	महंगाई ने स्थानीय व्यंजनों को कैसे प्रभावित किया है?
	उत्तर:- ----------
11.	खानपान की संस्कृति का 'राष्ट्रीय एकता' में क्या योगदान है?
	उत्तर:- ----------

12.	खानपान की नई संस्कृति का नकारात्मक पहलू क्या है? अपने शब्दों में लिखिए।
	उत्तर:- ----------
	(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)
13.	आप खानपान में आए बदलावों को किस रूप में लेते हैं?
	उत्तर:- ----------

पाठ - भोर और बरखा

	(बहुविकल्पीय प्रश्न)
	दिए गए पद्य को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए
	जागो बंसीवारे ललना I जागो मोरे प्यारे || रजनी बीती भोर भयो है ,घर घर खुले किवारे | गोपी दही मथत सुनियत है कंगना के झनकारे|| उठो लालजी!भोर भयो है ,सुर नर ठाढे द्वारे| ग्वाल बाल सब करत कुलाहल ,जय-जय सबद उचारे|| माखन रोटी हाथ में लीनी गउवन के रखवारे ||
1.	कौन; किसे जगाने ला प्रयास कर रही है।
	(क) मीरा; कृष्ण को
	(ख) यशोदा; मीरा को
	(ग) यशोदा; कृष्ण को
	(घ) क और ख दोनों
2.	इस पद में किस समय का चित्रण है ?
	(क) रात्रि के समय का
	(ख) भोर के समय का
	(ग) कृष्ण के गाय चराने का
	(घ) कृष्ण बाल लीला का
3.	भोर और बरखा कविता की कवयित्री है –
	(क) सुभद्राकुमारी चौहान

	(ख) मीराबाई
	(ग) महादेवी वर्मा
	(घ) विनीता शर्मा
4.	पद्यांश में सुर, नर शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है -
	(क) ग्वाल - बाल |
	(ख) माखन - रोटी |
	(ग) देवता - मनुष्य |
	(घ) कृष्ण - राधा |
5.	प्रस्तुत पद्यांश में रात के लिए कौनसा शब्द प्रयोग किया गया है -
	(क) भोर
	(ख) संध्या
	(ग) रजनी
	(घ) द्वार
	(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)
6.	निम्न में से द्वंद्व समास का कौनसा विकल्प सही नहीं है ?
	(क) सुर- नर
	(ख) भोर - बरखा
	(ग) माखन- रोटी
	(घ) जय - जय
7.	निम्नलिखित शब्दों के एक पर्यायवाची शब्द लिखिए –
	(क) कृष्ण- ----------
	(ख) मनुष्य- ----------
8.	निम्न लिखित मे से कौनसा विकल्प सही नहीं है -
	(क) भोर - सुबह
	(ख) बदरिया – बादल
	(ग) रजनी – रात
	(घ) सुर – मनुष्य

	(वर्णनात्मक प्रश्न)
9.	यशोदा श्रीकृष्ण को किस प्रकार जगाने का प्रयास करती है पाठ के आधार पर लिखिए ।
	उत्तर:- ----------
10.	कविता मे किस ऋतु का वर्णन किया गया है ? उस ऋतु के दो महीनो के नाम भी लिखिए ।
	उत्तर:- ----------
11.	मीरा को सावन मन भावन क्यों लगने लगा ?
	उत्तर:- ----------
12.	सुबह आपकी माँ आपको किस प्रकार जगाती हैं लिखिए ।
	उत्तर:- ----------
	(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)
13.	आपको सबसे अच्छी ऋतु कौनसी लगती है और क्यों ?
	उत्तर:- ----------

पाठ -नीलकंठ

	(बहुविकल्पीय प्रश्न)
	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
	दोनों नवागंतुकों में पहले से रहने वालों में वैसा ही कुतूहल जगाया जैसा नववधू के आगमन पर परिवार में स्वाभाविक है । लक्का कबूतर नाचना छोड़कर दौड़ पड़े और उनके चारों ओर घूम घूमकर गुटरगूँ - गुटरगूँ की रागिनी अलापने लगे । बड़े खरगोश सभ्य सभासदों के समान क्रम से बैठकर गंभीर भाव से उनका निरीक्षण करने लगे तोते मानों भलीभाँति देखने के लिए एक आँख बंद करके उनका परीक्षण करने लगे उस दिन मेरे चिड़िया घर में मानों भूचाल आ गया ।
1.	उपर्युक्त गद्यांश किस शैली में लिखा गया है ?
	(क) संस्मरण
	(ख) निबंध
	(ग) कहानी
	(घ) रेखचित्र
2.	लेखिका ने नवागंतुकों की संज्ञा किसे दी हैं?
	(ङ) खरगोश के बच्चे को
	(च) तितर खरगोश के बच्चे को
	(छ) मोर के बच्चे को
	(ज) कबूतर के बच्चे को
3.	नवागंतुक का सही संधि विच्छेद हैं -
	(क)नव + गंतुक
	(ख) नवा + गंतुक
	(ग) नव + आगंतुक

	(घ) न + वागंतुक
4.	कौनसा कथन सही नहीं है -
	(ख) *लक्का कबूतर नाचना छोड़कर दौड़ पड़े और उनके चारों ओर घूम घूमकर गुटरगूँ - गुटरगूँ की रागिनी अलापने लगे* |
	(ख) *बड़े खरगोश सभ्य सभासदों के समान क्रम से बैठकर गंभीर भाव से उनका निरीक्षण करने लगे* |
	(ग) *तोते दोनों आँख बंद करके उनका परीक्षण करने लगे* |
	(घ) इनमें से कोई नहीं
5.	उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया -
	(ङ) अपूर्व अनुभव |
	(च) कंचा |
	(छ) नीलकंठ
	(ज) मिठाईवाला |
	(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)
6.	निम्न में से वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द शुद्ध नहीं है ?
	(ङ) नववधू
	(च) भलीभाँति
	(छ) नवागंतुक
	(ज) निरिक्षण
7.	निम्नलिखित शब्दों की सहायता से अन्य दो शब्द बनाइए -
	(ग) रंग ----------
	(घ) ज्ञान ----------
8.	निम्न शब्दों की संधि - विग्रह कीजिए -
	(क) नीलाभ
	(ख) सिंहासन

	(वर्णनात्मक प्रश्न)
9.	मोर - मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए ?
	उत्तर:- ---------- ---------- ---------- ---------- ----------
10.	नीलकंठ के रूप रंग का वर्णन अपने शब्दों में करें?
	उत्तर:- ---------- ---------- ---------- ---------- ----------
11.	नीलकंठ पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? लिखिए ।
	उत्तर:- ---------- ---------- ---------- ---------- ----------
12.	आपको नीलकंठ की कौन कौनसी चेष्टाए भाई? पाठ के आधार पर लिखिए-
	उत्तर:- ---------- ---------- ---------- ---------- ----------

शीतावकाश गृहकार्यम्
केन्द्रीय विद्यालय ओ एन जी सी
2023 -2024

कक्षा – षष्ठी विषय – संस्कृत

1. पठ् और गम् धातु के धातुरूप लट्लकार, लृट्लकार और लंगलकार मे लिखना
2. बालक:, बालिका और पुष्प के शब्दरूप लिखना ,
3. निम्नलिखित पाठ के अभ्यास याद करना
नवम: पाठ: - क्रीडास्पर्धा:
दशम: पाठ: - कृषिका: कर्मवीरा:
द्वादश: पाठ : - दशम: त्वम् असि
4. 1 से 4 तक की संख्या लिंग एवं वचन मे और 5 से 20 तक की संख्या संस्कृत में लिखकर याद करना ।

कक्षा – सप्तमी विषय – संस्कृत

1. कोई भी 5 धातुओ का ‘ स्म ‘ प्रयोग करके लिखना ।
2. पठ्, लिख् और गम् धातु के धातुरूप लट्लकार, लृट्लकार और लंगलकार मे लिखना
3. 1 से 50 तक संख्या संस्कृत में लिखकर याद करना ।
4. पाठ – 10 से समानार्थक और विलोमपदानि लिखे ।
5. निम्नलिखित पाठ के अभ्यास याद करना |

नवम: पाठ: - अहमपि विद्यालयं गमिष्यामि।
दशम: पाठ: - विश्वबंधुत्वम्
एकादश: पाठ: - समवायो हि दुर्जय:
द्वादश: पाठ : - विद्याधनम्

कक्षा – अष्टमी विषय – संस्कृत

1. स्वर संधिन के प्रकार दीर्घ संधि, यण् संधि, गुण संधि, वृद्धि संधि, अयादि संधि की व्याख्या लिखकर सभी के 3 उदाहरण लिखिए।
2. अस्मद् और युष्मद् के शब्दरूप लिखकर याद करना ।
3. 1 से 100 तक संख्या संस्कृत में लिखकर याद करना
4. पाठ 9,10,11,12 से प्रश्ननिर्माण लिखकर याद करे ।
5. पाठ 11 से समानार्थक पदानि लिखकर याद करे ।

कक्षा – नवमी विषय – संस्कृत

1. वद्, नी, ज्ञा, अस्, दा, कृ, सेव्, लभ् धातु के धातुरूप पांच लकार में लिखे ।
2. उ कारान्त पु., ऋकारान्त पु. , ई कारन्त स्त्री. ऋ कारन्त स्त्री. राजन्, भवत्, विद्वस्, अस्मद्, युष्मद्, तत्, इदम्, किम् के शब्दरूप लिखकर याद करे
3. संख्या 1 से 100 संस्कृत मे लिखे। 1 से 4 तक वचन एवं लिंग भी लिखे ।
4. पाठ 1, 5 और 6 के श्लोको का अन्वय लिखकर याद करे

कक्षा – छठ्ठी विषय – हिन्दी

1. 1 से 100 तक संख्या अंक और शब्दों में लिखकर याद करें ।

2. कोई भी दस मुहावरे लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करे ।

3. झाँसी की रानी ' पर आधारित एक अनुच्छेद लिखिए ।
4. ' मेरे जीवन का लक्ष्य ' निबंध लिखिए ।

5. अपने मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई- पत्र लिखिए।

कक्षा – अष्टमी विषय – हिन्दी

1. सम्, प्रति, अधि व अ उपसर्गों से तीन-तीन शब्द बनाइये |
2. स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी. सी.) चाहने हेतु अपने प्राचार्यजी को प्रार्थना-पत्र लिखिए |
3. 'कबीर के दोहे' पाठ के पदों को लिखकर याद |
4. ' स्वास्थ्य रक्षा' तथा 'पुस्तकों का महत्त्व' विषय पर निबंध लिखिए |
5. दुकानदार और ग्राहक के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।